# बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

(आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार सरकार)

## आपदा प्रबंधन का उचित ज्ञान। बचा सकता है सबकी जान।।

### अगलगी

**गर्मी के दिनों में जब तेज पछुआ हवा चलती है तो हमारे गांवों में अगलगी की घटनाएं बड़े पैमाने पर होती हैं। फलतः हमारे घर, खेत, खलिहान एवं जान-माल को अगलगी से भारी क्षति पहुँचती है। अगलगी से बचाव हेतु उपाय :**

#### क्या करें -

- रसोई घर यदि फूस का हो तो उसकी दीवाल पर मिट्टी का लेप अवश्य लगा दें।
- रसोई घर की छत ऊँची रखी जाये।
- आग बुझाने के लिए घर में बोरे में भरकर बालू अथवा मिट्टी तथा दो बाल्टी पानी अवश्य रखें।
- हवन आदि का काम सुबह नौ बजे से पहले सम्पन्न कर लें।
- शार्ट सर्किट की आग से बचने के लिए बिजली वायरिंग की समय पर मरम्मत करा लें।
- मवेशियों को आग से बचाने के लिए मवेशी घर के पास पर्याप्त मात्रा में पानी का इंतजाम रखें एवं उनकी निगरानी अवश्य करते रहें।
- पटाखे जलाते समय पानी की बाल्टी तथा रेत की पर्याप्त व्यवस्था रखें।
- जहाँ तक संभव हो गर्मियों में दिन का खाना 9 बजे सुबह से पूर्व बना लें तथा रात का खाना शाम 6 बजे के बाद बनाएँ।
- ग्रामीण क्षेत्रों मे हरा गेहूँ, खेसारी, छीमी भी बच्चे भुनते हैं। ऐसे में आग लगने से बचने के लिए उनपर निगरानी रखें।
- आग लगने पर सर्वप्रथम समुदाय के सहयोग से आग बुझाने का प्रयास करें।
- आवश्यकता होने पर आग बुझाने हेतु फायर बिग्रेड (101 नम्बर) एवं प्रशासन को तुरंत सूचित करें एवं उन्हें सहयोग करें।
- अगर कपड़ों में आग लगे तो नीचे दिए गए चित्र के अनुसार जमीन पर लेटकर / लुढ़क कर बुझाने का प्रयास करें।




- बिजली के लूज तारों से निकली चिनगारी भी आग लगने का कारण बन जाती है। अतएव जहाँ कहीं लूज तार दिखे उसकी सूचना बिना देर किये उर्जा विभाग/संबंधित बिजली कंपनी के अभियंताओं को दें।

#### क्या न करें -

- दीपक (दीया), लालटेन, मोमबत्ती को ऐसी जगहों पर न रखें जहाँ से गिरकर आग लगने की संभावना हो।
- कटनी के बाद खेत में छोड़े डंठलों में आग नहीं लगायें।
- घर में किसी भी उत्सव के लिए लगाये कनात अथवा टेन्ट के नीचे से बिजली के तार को न ले जायें
- जहॉ पर सामूहिक भोजन बनाने इत्यादि का कार्य हो रहा हो, वहॉ पर दो से तीन ड्रम पानी अवश्य रखें। भोजन बनाने का कार्य तेज हवा के समय नहीं करें।
- जलती हुई माचिस की तीली अथवा अधजली बीड़ी एवं सिगरेट पीकर इधर–उधर ना फेंकें।
- खाना बनाते समय ढीले–ढाले और पॉलिस्टर के कपड़े पहनकर खाना न बनायें। हमेशा सूती कपड़ा पहन कर ही खाना बनायें।
- सार्वजनिक स्थलों, ट्रेनों एवं बसों आदि में ज्वलनशील पदार्थ लेकर न चलें।



## जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

**समाहरणालय, नालंदा**

**आपदा की स्थिति में सम्पर्क करें :**

जिला आपातकालीन संचालन केन्द्र, फोन–61122–33168, एस.डी.पी.ओ., मो. : 9431800111, एस.डी.ओ., मो. : 9473191217
जिला अग्निशाम पदाधिकारी, बिहारशरीफ, मो. : 9955640679, अग्निशाम पदाधिकारी, राजगीर, मो. : 9534313437
प्रभारी पदाधिकारी आपदा प्रबंधन, मो. : 9939978075